केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक-ए0/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800023

(वेबसाइट- www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या-02/2009 से संबंधित एम0जे0सी0 सं0 125/2015 अनुप कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के आलोक में योगदान संबंधी सूचना

एम0जे0सी0 सं0 125/2015 अनुप कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य तथा अन्य समरूप मामलों में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 25.11.2019 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन सं0 02/2009 के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु 1248 अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के ज्ञापांक 01/के0च0प0(प0परि0), दिनांक 29.01.2020 के माध्यम से वेबवाइट पर प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों को दिनांक 05.02.2020 से 05.03.2020 तक आवंटित जिलों/इकाइयों में योगदान करने का निर्देश दिया गया था । किन्तु अनेक अभ्यर्थी उपरोक्त अवधि में योगदान नहीं कर सके थे ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के ज्ञापांक 09/के0च0प0(सू0), दिनांक 20.03.2020 द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 30.04.2020 तक योगदान संबंधित जिला / इकाई में भौतिक रूप से उपस्थित हो कर देने का निर्देश दिया गया था ।

इस संबंध में पुनः कई अभ्यर्थियों एवं जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कोविड-19 महामारी के कारण दिनांक 25.03.2020 से लॉकडाउन किए जाने के कारण कई चयनित अभ्यर्थी विस्तारित तिथि 30.04.2020 तक आवंटित जिला / इकाई में योगदान नहीं कर सके हैं ।

ऐसी स्थिति में सम्यक विचारोपरांत अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 30.06.2020 तक अपना योगदान संबंधित जिला/इकाई में भौतिक रूप से उपस्थित होकर निश्चित रूप से दे दें । इस तिथि (30.06.2020) के उपरांत किसी भी आधार पर अभ्यर्थियों को कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा । आवंटित जिला/इकाई पूर्ववत् रहेगी । यह सूचना पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर ‘‘Bihar Police Tab’’ पर भी उपलब्ध है ।

ह0/-

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

ज्ञापांक 12 /के0च0प0(सू0)

दिनांक 04/06/2020